53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 28.5°c
अधिकतम 36.8 °c

**अमृतवाणी**

किसी के साथ बैठना बहुत आसान है, मगर किसी के साथ खड़े रहना बहुत मुश्किल।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

जातिगत गणना करो, लेकिन राहुल गांधी का नाम खराब नहीं होना चाहिए : खड़गे, कर्नाटक में



लेकिन नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने कर दिया उनका नाम खराब.....

सूर्योदय - 5:23, सूर्यास्त - 7:08 | वर्ष : 53/ अंक : 140 | बृहस्पतिवार, 22 मई 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

# बिजली, बारिश, तूफान के बाद आधे शहर की बिजली गायब

**1** पेड़ों के टूटने, बिजली बाधित होने से लोग हुए बेहाल

**2** कई दिनों की भीषण गर्मी के बीच देर सायं मिली राहत

**3** देर रात्रि तक बिजली आपूर्ति दुरुस्त करने में लगे रहे अधिकारी

**4** भोपा रोड पर सीमेंट फैक्ट्री की छत उड़ जाने से भारी नुकसान









**मुजफ्फरनगर, 21 मई (बु.)।** देशभर में तेजी से बदलते मौसम के बीच दिल्ली-एनसीआर समेत देश के ज्यादातर हिस्सों में बीते कई दिनों से जारी गर्मी के भयंकर प्रकोप के बीच बुधवार सायं को अचानक आसमान में छाए बदरा के बीच आंधी-तूफान के साथ शुरू हुई बारिश से गर्मी से राहत मिली। हालांकि इस बीच मौसम के बदले मिजाज के बीच जनपद में आंधी-तूफान के साथ ही शुरू हुई बारिश के साथ ओलों की बौछारों ने लोगों को घरों में छिपने को विवश कर दिया। मौसम की ओर से जारी अलर्ट के बीच दिल्ली एनसीआर समेत समूचे उत्तर भारत में आंधी व बारिश के साथ ओलों के साथ जनपद में कई क्षेत्रों में पेड़ गिर जाने से विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई, जिसे दुरुस्त करने को मध्य रात्रि तक विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी क्षेत्र में लगे रहे।

दिल्ली-एनसीआर समेत समूचे उत्तर भारत के साथ मुजफ्फरनगर में बेतहाशा गर्मी से जूझ रहे लोगों को बुधवार की सायं बड़ी राहत मिली, जब आसमान में बादलों के साथ तेज आंधी और बारिश के साथ ओले गिरने से मौसम पूरी तरह सुहाना हो गया। जनपद में सायं करीब 6 बजे अचानक से आई तेज आंधी ने पूरे क्षेत्र को एकाएक अपनी चपेट में ले लिया। गरजते बादलों के बीच चलती तेज हवाओं ने सड़क पर मौजूद लोगों को घर की ओर इस बीच दौड़ने पर मजबूर कर दिया। वहीं तेज बारिश शुरू होने के साथ जनपद के कई कस्बों में बारिश और आंधी के साथ ओलों की बौछारों ने लोगों को इधर-उधर दुबकने को भी विवश कर दिया। वेस्ट यूपी के साथ जनपद में शुरू आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश से जहां भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं तपते घरों में ठंडक का एहसास हुआ। बारिश के साथ-साथ नगर क्षेत्र से सटे ग्राम पीनना और कृष्णापुरी व अम्बा बिहार कॉलोनी इलाके में ओले भी गिरे, जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए सर्दी जैसा वातावरण बन गया। इसके अलावा जनपद के बघरा, मोरना, जानसठ, पुरकाजी, मीरांपुर, चरथावल में बारिश, आंधी और तूफान के साथ ओले पड़े, वहीं फलौदा समेत नगरीय क्षेत्र के कई इलाकों में पेड़ टूटकर गिरने और भोपा रोड पर एक सीमेंट फैक्ट्री की छत उड़ जाने के कारण लाखों रुपए का सीमेंट बर्बाद हो जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इसके अलावा खतौली क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से हड़कंप मच गया। हालांकि इसके कारण अभी कोई जान-माल की हानि की जानकारी नहीं मिल पायी है। बुधवार सायं बदले मौसम से लोगों ने आनंद लिया और गर्मी से मिली राहत पर संतोष जताया। हालांकि इस बीच पेड़ों के बिजली के खंबों एवं लाइन पर गिरने से पूरे जनपद में बिजली की आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करने को विवश होना पड़ा। बुधवार सायं नगर क्षेत्र समेत ग्रामीण अंचलों में झमाझम बारिश से कई दिनों से सूरज की तपिश से तपती सड़कों की प्यास बुझती दिखाई दी। मौसम विभाग की ओर से बुधवार को अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस के साथ ही आर्द्रता 76 प्रतिशत दर्ज की गई। इससे पूर्व दोपहर के समय नगर के मुख्य बाजारों में आवाजाही काफी कम दिखाई दी। जो लोग बाहर निकले भी तो उनके मुंह कपड़ों से लिपटे हुए थे, आंखों पर चश्मा, सर पर धूप से बचने के लिए टोपी और महिलाएं अपने दुपट्टे का इस्तेमाल करती नजर आई। सायं को यूं ही बदले मिजाज के बीच जिले में शुरू झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।

## खतौली में बिजली गिरने से बैट्री, इन्वर्टर जले



**मुजफ्फरनगर, 21 बुधवार (बु.)।** खतौली में आकाशीय बिजली गिरने से मकान के अंदर रखा इन्वर्टर बैट्री पूरी तरह फुंक गये। देर शाम हुई झमाझम बरसात के बीच आसमान में तड़ातड़ बिजली कड़कने के साथ कई स्थानों पर बिजली गिरने की सूचना मिली। इस दौरान खतौली के जगत कॉलोनी निवासी हरीश के घर पर बिजली गिरी, जिसमें घर के अंदर तीसरे कमरे में रखे बैट्री इन्वर्टर को आकाशीय बिजली ने पूरी तरह नष्ट कर दिया। गनीमत रही कि बिजली के अन्य उपकरणों को इससे कोई नुकसान नहीं हुआ, अन्यथा बड़ा नुकसान भी हो सकता था। खतौली के बिद्दीवाड़ा काजियान में आकाशी बिजली गिरने से जीओ का एक टॉवर गिरने की भी सूचना है।

## वर्षा से मौसम हुआ सुहावना, गर्मी से राहत



**मीरापुर, 21 मई (बु.)।** पिछले कई दिनों से हो रही भीषण गर्मी के बाद बुधवार की शाम अचानक हुई वर्षा से गर्मी से राहत मिल गई। वर्षा के साथ हल्की ओलावृष्टि भी हुई। वर्षा के पानी से नगर की सड़कें जलमग्न हो गई। बुधवार की शाम तेज हवाओं के साथ मूसलाधार वर्षा हुई। वर्षा होने से किसानों के चेहरे खिल गए। कुछ ही देर में मीरापुर नगर में सड़कें गंदे पानी से जलमग्न हो गई। वर्षा होने पर छोटे बच्चों ने पानी में जमकर मस्ती की तथा गर्मी से राहत मिलने पर नागरिकों ने भी सुहावने मौसम का आनंद लिया।

## पीनना में जमकर हुई ओलावृष्टि

**मुजफ्फरनगर, 21 मई बुधवार (बु)।** मौसम ने करवट ली तो ग्रामीण क्षेत्रों में इसका असर देखा गया। नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीनना में तेज बारिश के साथ काफी देर तक जमकर ओलावृष्टि देखी गई। इस दौरान सड़कों और खेतों में मोटे-मोटे ओलो की सफेद चादर बिछी दिखाई दी। फिलहाल किसी भी खड़ी खेती के न होने पर किसानों को इस ओलावृष्टि का कोई नुकसान होता नहीं दिखाई दिया। बल्कि सूरज की तपिश से हुई भीषण गर्मी से लोगों को राहत जरूर मिलती दिखाई दी।

## लो जी... एक ओर भ्रष्टाचार का मामला आया सामने

**शहर कोतवाली के हैड कांस्टेबल का वीडियो व फोटो हुआ वायरल**

**मुजफ्फरनगर, 21 मई (बु.)।** नगर में लगातार भ्रष्टाचार के मामले खुलते जा रहे हैं,



इसी क्रम में थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के आबकारी पुलिस चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल नरेंद्र तेवतिया का रिश्वत लेते हुए फोटो व पीड़ित से दस हजार रूपये रिश्वत लेते हुए सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हुई। इस सम्बन्ध में जब सीओ सिटी से बात की गयी तो वो बोले वायरल फोटो की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित शुभम त्यागी ने आबकारी पुलिस चौकी इंचार्ज राजकुमार शर्मा और नरेंद्र तेवतिया पर बार-बार फोन कर मानसिक उत्पीड़न का भी आरोप लगाया। फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हेड कांस्टेबल नरेंद्र तेवतिया नें पीड़ित शुभम त्यागी को फोन किया और वीडियो व फोटो की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कहा कि अगर कोई तुमसे पूछे कि क्या हुआ था तो बोल देना पैसे उधार लिए थे। पीड़ित शुभम त्यागी नें बताया में हरेंद्र राणा से किस्त की पेमेंट ले ली और उसकी रसीद काट कर दे दी, जिसके बाद उसने पुलिस चौकी में मेरी शिकायत की। उसके बाद से लगातार चौकी इंचार्ज राम कुमार शर्मा और दीवान जी नरेंद्र तेवतिया लगातार मुझे फोन करते रहे। मुझे उन्होंने कहा कि तुम्हारे खिलाफ नोटिस आया है, हम तुम्हें जेल भेज देंगे और तुम्हें इंस्पेक्टर साहब बुला रहे हैं। मुझ पर उन्होंने मानसिक रूप से दबाव बनाया। उसके बाद पीड़ित सुबह उनसे मिला और उन्होंने मुझसे 10,000 रिश्वत के मांगे। मैंने उनको नगद 10,000 हजार रु दे दिए, इसके बाद उन्होंने कहा कि सारे कागजों का सारा काम मेरे हाथों में है, मैं खुद कर लूंगा, तुम्हे कोई दिक्कत नहीं आएगी और तुम एक बार दोबारा मुझ से मिलना।

## चरथावल में ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, मां-बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत

**चरथावल, 21 मई (बु.)।** नगर जनपद के चरथावल कस्बे के रोहाना बस स्टैंड के निकट ट्रक ने बाइक सवारों को बुरी तरह कुचल दिया, जिससे मां-बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक सवार घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही चरथावल थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने जैसे ही शवों को उठाने का प्रयास किया, तो ग्रामीणों ने उठने नहीं दिया। कस्बे के जिम्मेदार लोगों के आने के बाद शव को सीएचसी भेजा गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दरअसल चरथावल कस्बे के मौहल्ला तगायान मुस्लिम निवासी 55 वर्षीया महिला शायरा बानो पत्नी ताजीम अपने पुत्र व अपनी पुत्री 28 वर्षीया चांदनी पत्नी मुनीर निवासी ग्राम निर्धना थाना चरथावल के साथ मुजफ्फरनगर से दवाई लेकर वापस घर लौट रही थी। जैसे ही वह चरथावल कस्बे में रोहाना बस स्टैंड के निकट पहुंचे, तो वहां पर ट्रक चालक ने बाइक सवारों को बुरी तरह कुचल दिया, जिससे मां-बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक सवार घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही चरथावल थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने जैसे ही शवों को उठाने का प्रयास किया, तो ग्रामीणों ने उठने नहीं दिया। कस्बे के जिम्मेदार लोगों के आने के बाद शव को सीएचसी भेजा गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।



मृतका का फाइल फोटो





## मेहरबान हुआ मौसम
## बारिश ने गर्मी से दिलाई निजात



**खुली जल प्रबंधन की पोल,जल भराव से तालाब बन गयी सड़कें**

**मोरना, 21 मई (बु.)।** बुधवार की तपती दोपहर ने जहां इंसानी जिस्म पर तपिश के कड़े प्रहार कर प्रत्येक को निढाल कर दिया, तो वहीं शाम के समय बादलों ने बरस कर गर्मी से राहत दिलाने का काम किया। रिमझिम फुहारों ने शाम और रात के मौसम को खुशगवार बना दिया। वहीं बारिश के कारण क्षेत्र में सड़कें तालाब बन गयी, जहां से राहगीरों का गुजरना मुश्किल हो गया। क्षेत्र में पड़ रही तेज गर्मी से प्रत्येक बेहाल दिखा। दोपहर के समय तेज गर्मी से बचने के लिए ग्रामीण पेड़ आदि की छाँव में डेरा जमाये रहे। तेज गर्मी से तपती सड़कें सुनसान नजर आई, तो शाम के समय तेज हवा घने बादलों को खींच ले आई और बादलों ने गरज चमक के साथ रिमझिम बरसात कर गर्मी से राहत दिला दी। मोरना भोपा क्षेत्र में हुई बारिश से ग्रामीणों को तेज गर्मी से राहत मिली, वहीं गांव छछरौली मे गांव के मध्य मुख्य मार्ग ने तालाब का रूप धारण कर लिया। भारी जल भराव की समस्या से नागरिक जूझते नजर आये, वहीं मोरना में भोपा मार्ग पर भारी जल भराव हो गया और दुपहिया वाहनों का यहां से निकलना मुश्किल हो गया, तो कस्बा भोकरहेड़ी में वाल्मीकि बस्ती के तालाब का पानी सड़कों पर फैल गया। भोकरहेड़ी -मोरना मार्ग व शुक्रताल मार्ग पर फैली कीचड़ पर कई बाईक सवार फिसलकर घायल हो गये। कस्बे के मोरना मार्ग व तीर्थ नगरी शुक्रताल जाने वाले मार्ग पर तालाब की सफाई करने वाले ठेकेदार की करतूत के कारण मार्गो पर भारी कीचड़ फैली हुई है।

## चलती कार बनी आग का गोला, बाल-बाल बचे सवार



**पुरकाजी, 21 मई (बु.)।** बुधवार को कस्बा पुरकाजी में एक चलती कार आग का गोला बन गई, जहां दोपहर 12 बजे कार में अचानक अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई और कुछ ही समय में आग बहुत ज्यादा बढ़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमेंद्र पुत्र चंदन सिंह निवासी बरला दो महिला सहित चार लोग कार में सवार होकर पुरकाजी की ओर जा रहे थे। जैसे ही कार पुरकाजी के खान फर्नीचर पुराने सिनेमा के समीप पहुंचे, तो अचानक कार के अगले हिस्से से धुंआ उठने लगा जिसके बाद कार को सड़क में साइड में किया गया। देखते ही देखते पूरी कार में आग फैल गई और गाड़ी पूरी तरह से आग की भेंट चढ़ गई। स्थानीय लोग बिट्टू खान व फिरोज खान आदि ने पास में कार धुलाई सेंटर की मदद लेकर आग पर काबू पाया तथा सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक कार जल चुकी थी।

## बोरे में मिली प्रेग्नेंट पत्नी की लाश, लव मैरिज के एक साल बाद पति संग लौटी थी घर

**सहारनपुर/मुजफ्फरनगर, 21 मई (बु.)।** नगर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां दो लोगों के बीच प्रेम-प्रसंग था, जिसके बाद उन्होंने शादी रचा ली थी। शादी के बाद दोनों साथ रहने लगे और युवती 7 महीने की गर्भवती हो गई। 3 दिन पहले युवक युवती के साथ अपने घर पहुंचा। युवक ने सोचा था कि उसके परिजन अब युवती को स्वीकार कर लेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। युवक के परिवार वालों ने युवती और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे के साथ कुछ ऐसा किया कि पूरे इलाके में इस बात की चर्चा होने लगी। दरअसल, मुजफ्फरनगर के वहलना गांव की 22 साल की अनिता और सहारनपुर के नानौती क्षेत्र के भावसी रायपुर गांव के विशाल के बीच लव अफेयर था। दोनों ने आपसी सहमति से 1 साल पहले शादी कर लिया था। अभी अनीता 7 माह की प्रेग्नेंट भी थी। हालांकि इस शादी से विशाल के घर वाले खुश नहीं थे और वे अनीता को अपनाने तक को भी तैयार नहीं थे, लेकिन 3 दिन पहले जब विशाल अचानक अनीता के साथ घर पहुंचा, तो विशाल को लगा कि अब उसके परिजन अनीता को स्वीकार कर लेंगे और वे सभी हंसी-खुशी के साथ रहेंगे, लेकिन 19 मई को विशाल के किसी काम से बाहर जाने के बाद परिवार ने अपना असली रंग दिखाया। हालात ऐसे हुए कि विशाल अब ना तो पत्नी अनीता को जिंदा देख सका और ना ही गर्भ में पल रहे उस बच्चे को, क्योंकि उसके परिजनों ने दोनों को मार दिया। 19 मई की रात कुछ ग्रामीण अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी बीच उनकी नजर एक बोरे पर पड़ी जो खेत में ही था और उससे बड़ी से अजीब सी बदबू आ रही थी। इस वजह से ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच बोरे को खोला तो उसमें अनीता का शव देखने को मिला। 19 मई को गांव के ही एक शख्स ने पुलिस को फोन कर सूचना दी थी कि



यहां एक परिवार ने अपनी बहू की हत्या कर दी है। साथ ही पूरा परिवार गांव छोड़कर भाग चुका है। सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची तो थी, लेकिन उन्हें ऐसा कोई सुराग या साक्ष्य नहीं मिला था, जिससे वहां से लौट गई। इस पूरे मामले की पोल विशाल की बहन ने खोली। विशाल की बहन ने पुलिस को बताया कि उसके ही परिवार वालों ने इस हत्या को अंजाम दिया है।

## उड़ान के दौरान इंडिगो के विमान पर गिरी बिजली, श्रीनगर में इमरजेंसी लैंडिंग



**नयी दिल्ली 21 मई (वार्ता)** दिल्ली से श्रीनगर जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट उस वक्त हड़कंप मचा जब फ्लाइट के दौरान उस पर आकाशीय बिजली गिर गई। खराब मौसम के कारण विमान में भीषण टबुर्लेंस देखा गया, जिससे यात्री दहशत में आ गए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में यात्री घबराए और चीखते-चिल्लाते नजर आ रहे हैं। पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान की इमरजेंसी लैंडिंग श्रीनगर में कराई। राहत की बात यह है कि सभी यात्री सुरक्षित हैं।

## तेज हवाओं की जद में आकर सड़क पर गिरा विशालकाय पेड़



**मुजफ्फरनगर, 21 मई बुधवार (बु.)।** जिले में कई जगह बारिश का सितम देखने को मिला। इसी के चलते नगर के भोपा रोड़ पर शांतिनगर के गेट के बाहर विशालकाय पेड़ तेज हवाओं की जद में आकर सड़क पर आकर टूट गिरा, हालांकि इससे किसी को कोई नुकसान की सूचना नहीं मिली, बुलेटिन पाठक द्वारा सजकता के चलते वीडियो शेयर की गई, जिसमें पेड़ विद्युत लाइन पर लटका हुआ दिखाई दिया। फिलहाल बारिश के बाद लगभग नगर के कई क्षेत्रों में विद्युत विभाग द्वारा बत्ती गुल की गई है, जिससे नगर के लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली घर रुड़की रोड़, अस्पताल, महावीर चौक, भोपा रोड़ सहित गांधी कॉलोनी सहित कई बिजली घर पेट्रोलिंग करते दिखाई दिए। सवाल ये कि विद्युत विभाग द्वारा जारी युद्ध स्तर पर जारी तारों और खंभों के बदलने के बावजूद अब तक ये व्यवस्था नहीं बन पाई कि अगर तेज हवा या आंधी के साथ बारिश होती है, तो आम जनता को बिजली सुचारू रूप से कब तक मिलेगी इसका जवाब किसी के पास नहीं फिलहाल जनता अंधेरे में रहने को मजबूर है और विभाग बेबस है अपनी अव्यवस्थाओं को अमलीजामा पहनाने में।

# किसान दिवस में समस्याओं के समाधान न होने का उठा मुद्दा

**- कागजों में होने वाली कार्रवाई को बंद करने की उठी मांग**
**- गांव पुरबालियान में चल रही चकबंदी प्रक्रिया पर उठे सवाल**
**- बिजली-पानी व टूटी सड़कों के जल्द निर्माण कराने की मांग**





**मुजफ्फरनगर, 21 मई (बु.)।** किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर बुधवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित मासिक किसान दिवस के दौरान मौजूद किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि यह आयोजन मात्र कागजी खानापूर्ति तक ही सीमित हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां उठाई जाने वाली तमाम शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जाता, पूरे माह में एक भी शिकायत का किसी अधिकारी द्वारा समाधान नहीं होता है, ऐसे में इस किसान दिवस की जरुरत समझ से परे की बात है। किसान संगठनों ने इसके साथ चकबंदी, बिजली, पानी, अतिक्रमण, सड़क निर्माण और गन्ना भुगतान नहीं होने की शिकायतों को उठाते हुए समय से समाधान की मांग की।

कलेक्ट्रेट स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में मासिक किसान दिवस का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित किसान दिवस में अधिकारियों के सामने किसान संगठनों के नेताओं ने विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाया। बैठक में जहां गांव दतियाना में नलकूप पर हुई चोरियों के मामले में खुलासा नहीं होने पर रोष जताया, वहीं ग्राम बागोवाली में बस्ती के बीच में खाली पड़ी 3 बीघा भूमि पर बड़ी संख्या में कूड़ा करकट पड़ा होने और यहां पर ग्रामीणों द्वारा कूड़े में आग लगा देने पर इससे धुआं होने से भारी परेशानी की समस्या से अवगत कराया। इसी गांव में विद्युत लाइन 3 साल पहले डाली गई थी, लेकिन एक छोटा सा टुकड़ा छोड़ दिये जाने से काफी संख्या में लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। वहीं पुरबालियान गांव की चकबंदी प्रक्रिया के बीते 36 वर्षों से लंबित होने की समस्या को उठाते हुए किसानों ने बैठक में अधिकारियों को चेतावनी दी है कि अगर चकबंदी प्रक्रिया को जल्द पूर्ण नहीं किया गया, तो 1 जून से वे जिलाधिकारी आवास पर चूल्हे लेकर डेरा डालने को विवश होंगे। इसके अलावा ग्राम भूराहेड़ी भूमिया खेड़ा धार्मिक स्थल पर गंदगी का मुद्दा भी उठा। भाकियू के जिलाध्यक्ष नवीन राठी ने बताया कि अधिकारियों ने इस क्षेत्र में सफाई का दावा किया, लेकिन स्थिति जस की तस है। उन्होंने इस बीच झूठी रिपोर्ट देने वाले अधिकारियों के निलंबन की मांग की। शेरपुर गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या के साथ बकाया गन्ना भुगतान का मुद्दा भी आया, लेकिन तब तक जिला गन्ना अधिकारी बैठक से जा चुके थे। भाकियू टिकैत के महानगर अध्यक्ष गुलबहार राव ने अपने गांव की मुख्य सड़क का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि 20-25 सालों में वह सड़क बनी थी लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते सड़क के दोनों ओर नाली नहीं बनाए जाने की वजह से सारा पानी सड़क पर आने व सड़क टूटने की कगार पर पहुंच जाने की बात की। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि सड़क के दोनों ओर नाले बनवाए जाएं जिससे पानी सड़क पर ना आए। यदि प्रशासन द्वारा समस्या का निस्तारण नहीं होगा तो 10-15 दिन बाद रुड़की चुंगी को जाम करते हुए बड़ा आंदोलन किया जाएगा। एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह ने इन सभी लिखित शिकायतों के समाधान का मौजूद किसानों को आश्वासन दिया।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## शिक्षा का अधिकारी, योगी सरकार

**उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। योगी सरकार ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत 1,26,293 बच्चों को राज्य के निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश दिलाया है, जहां उन्हें कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। राज्य सरकार की इस उपलब्धि की सराहना की जा रही है। गरीब और वंचित तबके के बच्चों को अब शिक्षा के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। यह कदम बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के साथ-साथ सामाजिक न्याय की दिशा में भी मजबूत कड़ी बन रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कुल 1,85,675 सीटें आवंटित की गई थीं, जिनमें से 68 प्रतिशत सीटों पर दाखिला पूरा हो चुका है। यह आंकड़ा बताता है कि सरकार की नीति केवल कागजों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर इसका असर भी दिख रहा है। यह पूरा अभियान पारदर्शी तरीके से चार चरणों में चलाया गया। इसमें 3.34 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से करीब 2.52 लाख आवेदन स्वीकृत किए गए। फिर 1.85 लाख बच्चों को निजी विद्यालय आवंटित किए गए और अब तक 1.26 लाख बच्चों का दाखिला पूरा हो चुका है। बस्ती, ललितपुर, फिरोजाबाद जैसे जिलों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस योजना में बस्ती जिला सबसे आगे रहा, जहां 94 प्रतिशत सीटें भर गईं। ललितपुर और फिरोजाबाद ने भी 93 प्रतिशत दाखिले के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बलरामपुर, प्रतापगढ़, श्रावस्ती, हरदोई, एटा, देवरिया और जौनपुर जैसे जिले भी शामिल हैं, जहां 88 प्रतिशत से 92 प्रतिशत तक बच्चों को दाखिला मिला। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह सिर्फ आंकड़े नहीं हैं, यह उन गरीब परिवारों की उम्मीदें हैं, जो अब अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर या अफसर बनते देख सकेंगे। उन्होंने कहा,मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर बच्चे को, उसकी सामाजिक या आर्थिक स्थिति चाहे जो हो, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार अवश्य मिले। शिक्षा का अधिकार अधिनियम यानी राइट टू एजुकेशन मनमोहन सिंह की सरकार के समय 2009 में लागू हुआ था। इसके तहत 6 से 14 साल तक के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देने का प्रावधान है। इस कानून के तहत निजी स्कूलों को अपनी 25 प्रतिशत सीटें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और वंचित समूह के बच्चों के लिए आरक्षित रखनी होती हैं। भले ही मनमोहन सिंह के कार्यकाल को घोटालों का काल कहा जाता है, भले ही उनका कार्यकाल कुछ गलत सलत कानूनों के लिए बदनाम हो लेकिन, शिक्षा का अधिकार अधिनियम मनमोहन सिंह सरकार का एक अच्छा कदम था, जिससे कमजोर वर्ग के बच्चे भी नि:शुल्क अच्छी शिक्षा पा रहे हैं। योगी सरकार इस अधिनियम को गरीब बच्चों की भलाई के लिए गंभीरता से ले रही है। आज भी इस अधिनियम को लेकर बातें होती हैं। जानकारों का मानना है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 न तो पूरी तरह सफल रहा है और न ही पूरी तरह असफल। मनमोहन सिंह की सरकार ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम पेश किया था, इसका उद्देश्य 06 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना था, जिससे शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में सुनिश्चित किया जा सके। केंद्र सरकार ने पिछले सप्ताह शिक्षा का अधिकार अधिनियम में एक बड़े बदलाव के लिए अधिसूचना जारी की थी, जिसके तहत कक्षा पांच और आठ के विद्यार्थियों को फेल नहीं करने की नीति को समाप्त कर दिया गया है। यह अधिनियम विफलताओं और सफलताओं का मिश्रण है। गैर-सहायता प्राप्त निजी स्कूलों में आरटीई शिक्षा के अधिकार द्वारा प्रवेश समाज के वंचित समूह और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में एक ऐतिहासिक सफलता है और यह बहुत लोकप्रिय हो गया है। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत हर कोई अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भेजना चाहता है। आरटीई का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के बच्चों को पूर्णकालिक नियमित स्कूलों में लाना था, लेकिन यह विफल रहा है। ग्रामीण इलाकों में सरकारी स्कूल धीरे-धीरे बंद हो गए हैं और छात्रों का पंजीकरण कम हो गया है। यह भी माना जाता है कि यह अधिनियम अभी तक अपने संवैधानिक लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाया है कि बिना किसी अपवाद के सभी बच्चे नियमित स्कूल जाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें। यह अब भी आम बच्चों के लिए एक सपना है। उत्तर और मध्य भारत को छोड़कर, आरटीई अधिनियम के परिणामस्वरूप अन्य सभी क्षेत्रों में निम्न आय वर्ग वाले बच्चों की प्राथमिक स्कूल पूर्णता दर में सुधार हुआ है। शिक्षा का अधिकार प्रकोष्ठ यानी आरटीई प्रकोष्ठ और सामाजिक विकास परिषद नयी दिल्ली द्वारा जारी शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 का कार्यान्वयन : हम कहां खड़े हैं, शीर्षक रिपोर्ट के अनुसार सर्व शिक्षा अभियान पहल के कारण एक दशक में सार्वभौमिक पहुंच और पंजीकरण में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की गई। कांग्रेस मानती है कि मनमोहन सिंह की विरासत शिक्षा का अधिकार अधिनियम के माध्यम से जीवित है। मनमोहन सिंह ने कहा था शिक्षा किसी राष्ट्र की क्षमता के विस्तार की कुंजी है, आरटीई यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक बच्चे को चाहे उसकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच मिले तथा उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य को आकार देने के लिए सशक्त बनाया जाए। इस मामले में कुछ शिकायतें भी मिलती रहती हैं। दिल्ली-एनसीआर के कई प्रतिष्ठित स्कूलों ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन करते हुए कक्षा छह और सात के छात्रों को अगली कक्षा में प्रोन्नत नहीं किया। शिक्षा मंत्रालय ने 16 दिसंबर 2024 को बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (संशोधन) नियम, 2024 शीर्षक से एक गजट अधिसूचना प्रकाशित की थी, जिसमें कहा गया था कि यदि कोई बच्चा नियमित परीक्षा में कक्षा पांच या कक्षा आठ में प्रोन्नति मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है, तो उसे वर्तमान कक्ष में ही रोका जा सकता है, लेकिन कई निजी स्कूल अधिनियम का उल्लंघन करते हुए अभिभावकों पर अपनी शर्तें थोप रहे हैं। सरकार को उन पर नजर रखनी होगी। धन के अभाव में कोई बच्चा अच्छी शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए।**

### चार तीर

सुनील उत्सव

'अक़्ल' 'टीवी' 'मुख' 'कालिक'

अक़्ल से खारिज हैं जिनको बोलना आता नहीं,
ऐसे ऐसे लोग टीवी पर बहस करने लगे।
उम्र सारी जा रही बेकार की बकवास में,
अपने मुख पर आप ही कालिक को वो मलने लगे।

# सांस्कृतिक पुनर्जागरण को समर्पित रही अहिल्याबाई: मोहित

**- पार्टी दफ्तर पर अहिल्याबाई जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन**





**मुजफ्फरनगर, 21 मई (बु.)।** गांधीनगर भाजपा कार्यालय पर बुधवार को अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में पार्टी द्वारा चलाए त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी व संचालन सुनील दर्शन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मोहित बेनीवाल, विशिष्टि अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल और पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी मोहित बेनीवाल ने कहा कि लोकमाता के नाम से प्रसिद्ध देवी अहिल्याबाई होल्कर का संपूर्ण जीवन सांस्कृतिक पुनः जागरण और धर्म की रक्षा को समर्पित रहा। उन्होंने सामाजिक समरसता के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि तीन सौ वर्ष पूर्व एक चरवाहे के घर जन्मी देवी अहिल्याबाई होल्कर दृढ़ इच्छा शक्ति, ईश्वर में अटूट आस्था व वीरता की प्रतीक थी। वे वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। ऐसे में भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर जन जागरण अभियान शुरू करते हुए उनकी जीवनी और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण के साथ जुटेंगे। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने काशी विश्वनाथ से सोमनाथ मंदिर तक देशभर के लगभग 10 हजार मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया था। उन्होंने नारी सशक्तिकरण, राष्ट्र निर्माण व सामाजिक न्याय के लिए अपने जीवन को पूरी तरह से समर्पित किया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की प्रतीक अहिल्याबाई ने बाबा विश्वनाथ के मंदिर को वर्तमान स्वरूप देने काम किया था। राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहने वाली इस रानी को देश हमेशा ही याद रखेगा। जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महापुरुषों की कोई भी जाति धर्म नहीं होती है। 31 मई को देवी अहिल्याबाई की जयंती पर इस अभियान का समापन होगा। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदीप सैनी, पुरूषोत्तम गौतम, सुरेश तितौरिया, सुरेन्द्र देव शर्मा, ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुंडीर, गौरव पंवार, शरद शर्मा, पवन अरोरा, संजय गर्ग, ममता अग्रवाल, गीता जैन, अचिंत मित्तल, श्रीमोहन तायल, डॉ. देशबंधु तोमर, तरूण पाल, मनी पटपटिया, सभासद बॉबी सिंह, मनोज वर्मा, योगेश मित्तल, अमित पटपटिया, रोहताश पाल, सुनील तायल, प्रवीण खेडा, दीपक मित्तल, नंद किशोर पाल, अमित शास्त्री आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सफाई कर्मियों ने समस्याओं को लेकर सौंपा एडीएम को ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 21 मई (बु.)।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ जिलाध्यक्ष चमन लाल ढिंगान के नेतृत्व में सफाई कर्मियों ने बुधवार को एडीएम प्रशासन संजय सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की। बुधवार को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष चमन लाल ढिंगान ने मांग की कि नगरपालिका परिषद में सभी स्थाई सफाई कर्मचारियों के एरियर का भुगतान किया जाए। इसके साथ स्थाई सफाई कर्मचारी की मृत्यु के उपरांत मृतक आश्रितों को शैक्षिक योग्यता के आधार पर नौकरी दिए जाने, सेवा निवृति के पश्चात एवं मृतक सफाई कर्मचारियों के समस्त देयों का भुगतान शीघ्र किया जाए। वहीं मृतक सफाई कर्मचारी के बीमा व ग्रेच्युटी के लिए पालिका में एक बाबू अलग से नियुक्त किया जाए, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र हो सके। इसके साथ उन्होंने मांग की कि स्थाई सफाई कर्मचारी या सफाई नायक यदि अवकाश के दौरान कार्य करता है तो उसे ओवर टाइम दिया जाए अन्यथा मात्र आपातकालीन स्थिति को छोड़कर काम नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारी/सफाई नायकों को गर्म-ठंडी वर्दी के साथ बरसात में इन्हें रेन कोट दिया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से सागर वाल्मीकि, अर्जुन टांक, दीपक, धर्मेंद्र बिड़ला, अनिल, तरूण आदि मौजूद रहे।



# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिले पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला

**- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिल विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा**

**मुजफ्फरनगर, 21 मई (बु.)।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने बुधवार को राजधानी लखनऊ में ऑपरेशन सिंदूर की गौरवमयी सफलता के बाद देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर आत्मीय स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया। साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रदेश एवं जनपद स्तर की राजनीतिक परिदृश्य में चर्चा करते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जन सामान्य को लाभान्वित करने के लिए शुरू योजनाओं पर चर्चा की। बाद में पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने लखनऊ आवास पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भी मुलाकात की। पूर्व जिलाध्यक्ष ने इस दौरान उनके जनपद में भाजपा संगठन के साथ सरकार द्वारा शुरू योजनाओं के साथ स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के इस बीच निदान को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को जिले में भ्रमण के लिए भी आमंत्रित किया।

# बिजली निजीकरण को लेकर कर्मियों ने खोला मोर्चा

**मुजफ्फरनगर, 21 मई (बु.)।** बिजली के निजीकरण के विरोध में बुधवार को राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के नेतृत्व में कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर में धरना दिया। इस दौरान संगठन के जिला वित्त सचिव यूसी वर्मा ने बताया कि 28 मई तक दोपहर दो बजे से शाम 5 बजे तक उक्त स्थान पर कर्मचारी धरना देंगे। इसके बाद 29 मई से सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के करीब 42 जिलों में बिजली निजीकरण किया जा रहा है, जिसके विरोध में सभी स्थाई, अस्थाई व संविदा कर्मचारी एकजुट होकर धरना दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि यदि बिजली का निजीकरण हुआ तो बिजली की दरें 15 रुपए प्रति यूनिट जाएगी। वहीं उपभोक्ताओं को विभिन्न मामलों की परेशानियां होगी। उन्होंने कहा कि बिजली सरकारी होते हुए वर्तमान में जो सुविधाएं उपभोक्ताओं को मिल रही है वह निजीकरण के बाद नहीं मिल पाएगी। उन्होंने बताया कि 28 मई तक सभी कर्मचारी नुमाईश कैम्प स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक धरना देंगे। इसके बाद 29 मई से सभी कार्य बहिष्कार के साथ हड़ताल की जायेगी

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया थाने में धरना प्रदर्शन

**जानसठ, 21 मई (बु.)।** भाकियू कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर दो पक्षों के बीच हुए झगड़े के मामले में एक पक्ष के पांच लोगो को हिरासत में लेने का आरोप लगाते हुए थाने में धरना प्रदर्शन किया। भाकियू के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ। इसलिए दोनों पक्षों के खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए। क्षेत्र के गांव राजपुर कलां में आकाश और दीपक पक्ष के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। एक पक्ष के पांच लोगों को हिरासत में लेने को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। बुधवार की शाम को भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष योगेश बालियान के नेतृत्व में कार्यकर्ता इकट्ठा होकर थाना परिसर में पहुंचे। जहां पर कार्यकर्ताओं ने थाने में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। भाकियू कार्यकर्ताओं का आरोप था की पुलिस ने एक पक्ष के पांच युवकों को हिरासत में लिया है, जबकि दोनों पक्ष के लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाई होनी चाहिए थी। देर शाम तक भाकियू कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरना-प्रदर्शन करने वालों में भाकियू नेता ओमप्रकाश शर्मा, योगेश शर्मा, धर्मवीर राठी, ग्राम प्रधान रवि कुमार, अमित कुमार, अशोक घटायन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अनिल कुमार बंसल से बदलकर अनिल कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम अनिल कुमार से ही जाना व पहचाना जाये।

**अनिल कुमार पुत्र तारा चंद्र**
**निवासी- 1011, संजय मार्ग भोपा रोड, दक्षिणी गांधी नगर, मुजफ्फरनगर**

# मोबाइल फोन बने डब्बे, नेटवर्क से लेकर इमरजेंसी सर्विसेज सब ठप, स्पेन में फिर मची अफरातफरी





**नई दिल्ली, 21 मई (एजेंसी)।** स्पेन में एक बार फिर अफरातफरी का माहौल बन गया है। इस बार वजह है मोबाइल नेटवर्क और इमरजेंसी सेवाओं का एकसाथ ठप हो जाना। देशभर में अचानक करोड़ों लोगों के मोबाइल फोन एकदम बेकार से डब्बे बन गए। सुबह तड़के 5 बजे से देश के कई हिस्सों में प्रमुख मोबाइल कंपनियों के नेटवर्क बंद हो गए। सिर्फ इंटरनेट या कॉलिंग ही नहीं, बल्कि इमरजेंसी हेल्पलाइन 112 तक से संपर्क टूट गया, जिसने आम जनता में डर और गुस्से दोनों को बढ़ा दिया है. स्पेन की बड़ी टेलीकॉम कंपनियों की सेवाएं एकसाथ बंद हो गईं। इन कंपनियों की सेवाएं ठप होने का असर मैड्रिड, बार्सिलोना, मलागा, सेविला, मर्सिया, बिलबाओ और वैलेंसिया जैसे बड़े शहरों में साफ देखने को मिला। ये शहर न केवल स्थानीय लोगों के लिए जरूरी हैं, बल्कि टूरिज्म के लिहाज से भी अहम माने जाते हैं। इस वजह से समस्या का असर देशभर में बहुत व्यापक है। इस टेक्निकल फॉल्ट की सबसे खतरनाक बात ये रही कि जो लोग इमरजेंसी सेवाओं के लिए कॉल कर रहे थे, उनकी आवाजें बीच में ही कट रही थीं। कई कॉल्स के दौरान ऑपरेटरों को शिकायत मिली कि कॉलर की आवाज पूरी तरह से गायब हो रही है। ऐसे में ऑपरेटरों को खुद ही कॉल बैक करना पड़ रहा है। इस बीच वैलेंसियन कम्युनिटी के 112 कॉल सेंटर ने सबसे पहले इस गड़बड़ी की जानकारी दी, जो फिर पूरे देश में फैलती चली गई। सुरक्षा विभाग ने माना है कि कॉल्स में परेशानी की बात सही है, लेकिन अब तक इस व्यापक आउटेज का असली कारण नहीं सामने आया है। फिलहाल सेवा बहाली का कार्य जारी है। अरागोन क्षेत्र में 112 सेवाएं आंशिक रूप से बहाल कर दी गई हैं, लेकिन बाकी देश अब भी संकट में है। यह समस्या सीधे तौर पर वैलेंसियन समुदाय की इमरजेंसी सेवा से जुड़ी नहीं है, जिससे साफ है कि यह देशव्यापी तकनीकी संकट है। स्पेन को इससे कुछ ही हफ्ते पहले एक बड़े राष्ट्रीय ब्लैकआउट का सामना करना पड़ा था। अब दोबारा इस तरह की बड़ी तकनीकी असफलता ने सरकार और नागरिकों दोनों की चिंता बढ़ा दी है। इस बार संकट और भी गंभीर इसलिए है, क्योंकि इसकी चपेट में इमरजेंसी सेवाएं भी आ गई हैं। यदि जल्द सेवा बहाल नहीं हुई, तो यह न केवल आम जीवन को प्रभावित करेगा, बल्कि देश की सुरक्षा और आपदा प्रबंधन क्षमता पर भी सवाल खड़े करेगा।

**नीलामी सूचना**

अनिल कुमार, निरीक्षक इंचार्ज विधिक माप विज्ञान, मुजफ्फरनगर ने बताया कि समस्त मरम्मत कर्ता अनुज्ञप्ति धारी, विधिक माप विज्ञान संपूर्ण उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि दिनांक 24/5/2025, दिन-शनिवार को दोपहर 12:00 बजे कार्यालय विधिक माप विज्ञान, मुजफ्फरनगर AtoZ कॉलोनी गेट से 300 मीटर आगे जानसठ रोड से संधावली रजवाहा मार्ग, मुजफ्फरनगर में उक्त तिथि व समय पर अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यालय पर पहुंच कर नीलाम किए जाने वाले लोहा बाँट, लोहा कांटा, लम्बाई लोहा मीटर आदि की नीलामी की अधिकतम बोली की **10%** धनराशि मौके पर जमा करके, नीलामी की वस्तुओं को अपने कब्जे में ले पाएंगे।

अधिक जानकारी हेतु मोबाईल नम्बर 9149169881 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

वरिष्ठ निरीक्षक
विधिक माप विज्ञान
मुजफ्फरनगर



# मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार से जीएसटी सेल के आधार पर काफी कम दिया जा रहा है

**मुजफ्फरनगर, 21 मई (बुस.)।** आज इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स की एक मीटिंग जेसी जीएसटी शांतवना गौतम एवं श्री पांडेय के साथ जीएसटी ऑफिस सिटी सेंटर मुजफ्फरनगर में बुलाई गयी थी, जिसमें जीएसटी ऑफिसर नें बताया की मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार से जीएसटी सेल के आधार पर काफी कम दिया जा रहा है और काफी ज्वैलर्स 1.5 करोड़ से भी कम का टर्नओवर अपनी ज्वेलरी फर्म में कर रहे हैं, जो सन्तुस्टि जनक नहीं है। सभी को अपना जीएसटी टर्नओवर बढ़ाने की बहुत आवश्यकता है एवं सर्राफ बाजार में काफी लोग जीएसटी लेकर काम नहीं कर रहे हैं, जोकि उचित नहीं है। जीएसटी विभाग जल्द ही सर्राफा बाजार में जीएसटी रजिस्ट्रेशन का कैंप लगाने जा रहा है, ताकि जिन ज्वैलर्स के पास जीएसटी रजिस्ट्रेशन नहीं है, वो सुगमता से ले सके। बिना जीएसटी रजिस्ट्रेशन के व्यापार करना आज के समय में सभव नहीं है। सभी जागरूक बने और जीएसटी रजिस्ट्रेशन करवायें। आज की मीटिंग का मुख्य उदेश्य जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं जीएसटी सेल बढ़ाने के लिए सभी ज्वैलर्स को प्रॉत्साहित करना है। मीटिंग को मुख्य रूप से इब्जा जिला अध्यक्ष श्रेय गोयल, सेकंटरी मनोज पुंडीर, शहर कोषाध्यक्ष अभिनव वर्मा, राजा वर्मा, गौरव वर्मा, सिद्धार्थ बंसल, नमन वर्मा, राजीव वर्मा, पुनीत सिंघल, रोहित वर्मा, अर्जुन वर्मा, अंकुर वर्मा एवं जीएसटी अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'खुद 400 पार नहीं कर पाए तो...', नेहा सिंह राठौर ने पीएम मोदी पर फिर कसा तंज



**नई दिल्ली, 21 मई (एजेंसी)।** लोकगीत गायिका नेहा सिंह राठौर अक्सर इस समय अपने बयानों को लेकर चर्चा में हैं। वह अपने गानों के जरिए सरकार से सवाल पूछती हैं। हालांकि इसी बीच नेहा सिंह राठौर के खिलाफ एक और शिकायत दी गई है, यह शिकायत उनके खिलाफ पीएम नरेंद्र मोदी के लिए की गई टिप्पणी को लेकर की गई है। इसके बाद नेहा सिंह राठौर ने फिर से पीएम मोदी पर तंज कसते हुए एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें नेहा सिंह राठौर ने कहा कि जब खुद 400 पार नहीं कर पाए हैं तो मेरे खिलाफ 400 शिकायतें दर्ज करवा दीं। नेहा सिंह राठौर ने कहा-"हर-हर महादेव मोदी, मैं आपको ये बताना चाहती हूं कि मैं आपसे नहीं डरती हूं और देश के किसी भी नागरिक को आपसे नहीं डरना चाहिए। ये बात उसी दिन तय हो गई थी, जिस दिन देश का संविधान लागू हो गया था। आप 400 शिकायतें नहीं 4 लाख एफआईआर करवा दीजिए, लेकिन मैं आपसे नहीं डरुंगी और न सवाल करना बंद करुंगी। ये लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में मिले हुए मेडल हैं और देश की जनता ये बात खूब समझ रही है। उन्होंने कहा- "बनारस कबीर की धरती है और कबीर किसी से नहीं डरते थे। कबीर मेरे गुरु हैं और इसलिए मैं भी आपसे नहीं डरती हूं। आप बार-बार कहते हैं कि बनारस आपका है और आपको गंगा मां ने बुलाया है, मैं कहूंगी ये झूठ है। आप बनारस इसलिए आए हैं क्योंकि बनारस आपके राजनीतिक एजेंडे को पूरा करता है, आप बनारस 2014 में आए होंगे, लेकिन मैं यहीं पैदा हुई हूं और गंगा जी के किनारे ही बड़ी हुई हूं, जिस बनारस में आप मेहमान बनके आए हैं वह बनारस हमारा घर-द्वार है।" नेहा सिंह राठौर ने कहा-"बनारस की जनता कुछ समय के लिए भ्रमित हो सकती है, पर ये सब लोग उसी कबीर की परंपरा के ही लोग हैं जल्द ही सवाल पूछने वाले हैं। तब क्या करेंगे पूरे बनारस पर एफआईआर दर्ज करेंगे क्या। मत भूलिए आप जनता के मालिक नहीं सेवक हैं और ये जनता आपके खेल का सामान नहीं है। बेटियों पर बहादुरी दिखाना बंद कीजिए जब खुद 400 पार नहीं कर पाए हैं तो मेरे खिलाफ 400 शिकायतें दर्ज करवा दीं।"

# पीएम मोदी की तस्वीरों का नेकलेस पहन कान्स पहुंचीं ये एक्ट्रेस, ट्रेडिशनल लुक ने खींचा ध्यान



**नई दिल्ली, 21 मई (एजेंसी)।** कान्स फिल्म फेस्टिवल में बॉलीवुड हसीनाओं का जलवा देखने को मिल रहा है, लेकिन एक्ट्रेस रुचि गुज्जर ने पूरी लाइमलाइट खींच ली है, मिस हरियाणा 2023 रहीं रुचि राजस्थानी दुल्हन वाले लुक के साथ कान्स के रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस दौरान हर किसी का ध्यान उनके कस्टमाइज नेकलेस पर गया, जिसमें पीएम मोदी की तीन फोटोज लगी थीं। पीएम मोदी की तस्वीरों का नेकलेस पहन कान्स पहुंचीं ये एक्ट्रेस, ट्रेडिशनल लुक ने खींचा ध्यान रुचि का नेकलेस ट्रेडिशनल राजिस्थानी था, जिसे उन्होंने गोल्डन कलर के लहंगे के साथ पेयर किया था। ये आउटफिट डिजाइनर रूपा शर्मा का तैयार किया हुआ था, जिसमें मिरर वर्क के साथ-साथ गोटा पत्ती और इंब्रॉयड्री थी। इस ड्रेस के साथ रुचि ने बांधनी दुपट्टा पेयर किया था, जिस पर जरदोजी और गोटा पत्ती की कढ़ाई थी। दुपट्टे को लेकर उन्होंने कहा कि इस दुपट्टे को पहनकर मुझे ऐसा लगा जैसे मैं राजस्थान की आत्मा को अपने ऊपर ओढ़ रही हूं। कान्स के अपने इस लुक को लेकर रुचि ने कहा कि ये हार जूलरी से कहीं बढ़कर है। ये पावर, दूरदर्शिता और वर्ल्ड लेवल पर भारत के उत्थान का प्रतीक है। कान्स में इसे पहनकर मैं हमारे प्रधानमंत्री का सम्मान करना चाहती थी, जिनकी लीडरशिप ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। रुचि गुज्जर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर कान्स के रेड कार्पेट से अपने लुक की शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा कि इंडिया के लिए प्राउड मूमेंट।

**मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण,मुजफ्फरनगर।**

ट्रांसपोर्ट नगर योजना में रिक्त भूखण्डों/प्राधिकरण द्वारा निर्मित मार्किट एवं मा0 कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना,खान्जहापुर में निर्मित दुकान, रिक्त दुकानों को निविदा सह खुली नीलामी के माध्यम से एवं तहसील व्यवसायिक योजना भाग-1,भाग-2 एवं गर्बी स्कूल व्यवसायिक योजना के अन्तर्गत अलोकप्रिय दुकानों को निर्धारित प्रकिया के अनुसार, पाने का

**स्वर्णिम अवसर**

| | |
|---|---|
| निविदा सह खुली नीलामी का आयोजन:-दिनांक 28.05.2025 समय प्रात: 11.00 बजे से सांय तक<br>• पंजीकरण पुस्तिका-दिनांक 26.05.2025 से दिनांक 27.05.2025 तक रू0 500/-HDFC,Nai Mandi,MZN में जमा कराते हुए, प्राप्त की जा सकती है। | निविदा सह खुली नीलामी का आयोजन- दिनांक 28.05.2025 में विक्रय उपरान्त रिक्त भूखण्ड/दुकान की दिनांक 4.06.2025 समय प्रात: 11.00 बजे से सांय तक<br>• पंजीकरण पुस्तिका- दिनांक 02.06.2025 से दिनांक 03.06.2025 तक रू0 500/-में HDFC,Nai Mandi,MZN में जमा कराते हुए, प्राप्त की जा सकती है। |

निविदा सह खुली नीलामी स्थल- कार्यालय विकास प्राधिकरण,मेरठ रोड,मुजफ्फरनगर।

1-आरक्षण शासनादेश दिनांक 31.8.98 में निर्धारित व्यवस्था के साथ आरक्षण लागू है।

2-आवेदक द्वारा दुकान/भूखण्ड की कीमत की 10 प्रतिशत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जमा करते हुए निविदा सह खुली नीलामी में भाग लिया जा सकता है।

3-ट्रांसपोर्ट नगर योजना एवं कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना में दुकानों को प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को छत का अधिकार नहीं होगा ।

नोट-उपरोक्त के अतिरिक्त तहसील व्यवसायिक योजना भाग-1 एवं गर्बी स्कूल व्यवसायिक योजना में रिक्त अवशेष 02 दुकानें (अलोकप्रिय श्रेणी) उपरोक्त तिथि एवं समय पर प्रश्नगत श्रेणी की निर्धारित प्रकिया के अनुसार पाने का अवसर।

उपरोक्त योजनाओं के विषय में विस्तृत शर्तो एवं अन्य विवरण प्राधिकरण के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है एवं प्राधिकरण की वेबसाईट प्राधिकरण की वेबसाइट www.mdamuzaffarnagar.org पर भी उपलब्ध है।

**सचिव,** विकास प्राधिकरण,मुजफ्फरनगर।

